KOLHAN UNIVERSITY
CHAIBASA, WEST SINGHBHUM
JHARKHAND, PIN-833201
Website: kolhanuniversity.ac.in

Dean (Academic Affairs)

Ref. No. KU/DAA/42/2026 Date : 04/08/2026

## स्नातकोत्तर सत्र 2025–27 में नामांकन संबंधी सूचना

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के NEP–2020 के तहत तथा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक JSHEC/NEP–04/2024–437, दिनांक 04.12.2024 एवं संकल्प सं० 898, दिनांक 29.04.2026 के आलोक कोल्हान विश्वविद्यालय के अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों में दो वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम सत्र 2025–27 के सेमेस्टर–1 में नामांकन के लिए पत्रांक KU/DSW/25/2026, दिनांक 23.06.2026 के माध्यम से प्रकाशित समय–सारणी निम्न प्रकार से संशोधित करते हुए विस्तारित किया जाता है:–

| | |
|---|---|
| चांसलर पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि | 05.08.2026 से 14.08.2026 (अपराहन 03:00 बजे तक) |
| मेधा सूची का प्रकाशन एवं नामांकन (संबंधित महाविद्यालयों एवं स्नातकोत्तर विभागों द्वारा) | 17.08.2026 से 22.08.2026 (अपराहन 03:00 बजे तक) |

- चांसलर पोर्टल लिंक www.universities.jharkhand.gov.in
- नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन शुल्क : ST/SC रू0 150/– एवं Gen/OBC रू0 200/–
- मेधा सूची संबंधित विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित की जाएगी।
- ऑनलाईन आवेदन CBCS-Hon, & Prog. पाठ्यक्रम के उर्तीण स्नातक एवं FYUGP-Session 2022-2026 के अर्न्तगत 6th Semester उत्तीर्ण सभी स्नातक विद्यार्थी कर सकते हैं। स्नातक सत्र 2023–2026 के उर्त्तिण विद्यार्थि इस द्वि वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम, सत्र 2025–2027 में नामांकन हेतू आवेदन के पात्र नहीं होगें।
- विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाईन आवेदन करने से पहले विश्वविद्यालय एवं संबंधित महाविद्यालय के वेबसाइट पर नामांकन संबंधी सूचनाओं का अवलोकन अवश्य कर लें।

विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि चांसलर पोर्टल पर Login ID बनाने के बाद APAAR ID से अपना विवरण जरूर लिंक कर लें। जिन विद्यार्थियों के पास APAAR ID नहीं है ये चांसलर पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करने से पहले Digi locker के माध्यम से APAAR ID बनवा लें। भविष्य में परीक्षाओं में Academic Bank of Credit के लिए APAAR ID की आवश्यकता होगी।

सभी स्नातकोत्तर विभागाध्यक्ष/महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य से अनुरोध है कि कोल्हान विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित NEP–2020 के अनुरूप नामांकन प्रक्रिया का विधिवत संचालन करना सुनिश्चित करें। विद्यार्थियों को नामांकन में होने वाली हर परेशानी का यथासंभव समाधान कर नामांकन प्रक्रिया को हेल्पडेस्क आदि के माध्यम से हर हाल में समयावधि में सम्पन्न करायेंगे।

### विभागाध्यक्षों एवं महाविद्यालय प्राचार्यों के लिए आवश्यक निर्देश:–

1. विभाग/महाविद्यालय स्तर पर नामांकन समिति एवं हेल्प डेस्क का गठन करेंगें।
2. विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड पर नामांकन से संबंधित विस्तृत सूचना प्रकाशित करना सुनिश्चित करेंगें।

4/8/26 4/8/26

**KOLHAN UNIVERSITY**
CHAIBASA, WEST SINGHBHUM
JHARKHAND, PIN-833201
**Website:** kolhanuniversity.ac.in

## Dean (Academic Affairs)

Ref. No. KU/DAA/42/2026 Date : 04/08/2026

3. सभी विभागाध्यक्षों/महाविद्यालय के प्राचार्यों से अनुरोध है कि कृपया योग्य विद्यार्थियों का (जिनका Master Data में नाम शामिल हैं) नामांकन हेतु आवेदन प्रपत्र को सत्यापित करें।
4. कोल्हान विश्वविद्यालय अधिसूचना संख्या KU/R/1300/19 दिनांक 11.11.2019 द्वारा नामांकन हेतु अधिसूचित आरक्षण नियमावली का अनुपालन कराना सुनिश्चित करेगें।
5. चयनित विद्यार्थियों के कागजातों का सत्यापन (Documents Verification) हो जाने पर Chancellor Portal पर Approval के उपरान्त विद्यार्थी द्वारा Chancellor Portal पर नामांकन शुल्क भुगतान किया जाएगा एवं Online Admission Fee Receipt प्राप्त करने के उपरांत ही संबंधित विद्यार्थी को पी.जी. विभाग कार्यालय/महाविद्यालय द्वारा रोल न० दिया जाना सुनिश्चित किया जाय।
6. नामांकन हेतु आवेदन किए गए विद्यार्थियों का Master Data को Chancellor Portal से Download करके Printout Copy सभी संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों को ससमय उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी पी. जी. विभाग कार्यालय की होगी।
7. विश्वविद्यालय का पी.जी. विभाग कार्यालय, केवल उन्हीं विद्यार्थियों को नामांकन हेतु आवेदन प्रपत्र को Chancellor Portal के माध्यम से P-G- Dept- KU Login द्वारा Online सत्यापित करना सुनिश्चित करेंगे जिनका फार्म एवं दस्तावेज संबंधित विभागाध्यक्ष द्वारा सत्यापित हो।
8. नामांकन पूर्ण होने के बाद नामांकित विद्यार्थियों की सूची दिनांक 29.08.2026 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करेंगें।

ह०/–
अधिष्ठाता (अकादमिक कार्य)
कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा

ज्ञापांक: KU/DAA/42/2026 दिनांक:- 04/08/2026

प्रतिलिपिः–
1. प्राचार्य /प्रभारी प्राचार्य, सभी महाविद्यालय, कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा ।
2. **The PMU Team, Chancellor Portal, Ranchi** के सूचनार्थ एवं कार्यार्थ प्रेषित।
3. विश्वविद्यालय वेबसाइट
4. कुलपति के सहायक को माननीय कुलपति के सूचनार्थ।
5. कुलसचिव के सहायक कों कुलसचिव के सूचनार्थ।
6. संचिका में।

4/8/26

अधिष्ठाता (अकादमिक कार्य)
कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा

04/08/2026